नाली के उपर अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण पर भिलाई निगम की बड़ी कार्रवाई अवैध अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, 500 मीटर में खाली कराया कब्जा, सकरी सड़क हुई चौंड़ी

भिलाई नगर / नगर पालिक निगम भिलाई के वैशालीनगर जोन क्षेत्र अंतर्गत आज अतिक्रमण एवं अवैध निर्माण के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की गई। अम्बेडकर नगर के सड़क 2 में कई रहवासियों ने नाली के उपर अवैध अतिक्रमण करते हुए निर्माण कर लिया था। जिसके चलते नाली सफाई में बाधा उत्पन्न हो रही थी, वही सड़क की चौड़ाई कम होने से आवागमन करने वालो को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। अतिक्रमण के चलते नाली की सफाई नहीं होने के कारण बारिश का पानी सड़को पर बहने लगा था , इसकी शिकायतें की कई लोगों ने निगम में की थी। जिसको लेकर आज भिलाई निगम की टीम ने अतिक्रमण एवं अवैध निर्माण को तोड़ते हुए नाली से कब्जा मुक्त कराया। उल्लेखनीय है कि निगम आयुक्त रोहित व्यास ने अवैध निर्माण , अवैध अतिक्रमण एवं अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध सख्त कारवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिये है। आज प्रातः अम्बेडकर नगर सड़क 2 में निगम की टीम जब कार्रवाई करने पहुॅची तो कई लोगो ने नाली के उपर पेवर ब्लाक , वाहन पार्किंग के लिए निर्माण , फैसिंग निर्माण कर लिया था। जिसे निगम की राजस्व टीम ने तोड़ कर स्थल को कब्जा मुक्त कराया। लगभग 500 मीटर लम्बी नाली से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जेसीबी एवं डंपर की सहायता से की गई। आज की कार्रवाई में जोन आयुक्त पुजा पिल्ले , सहायक राजस्व अधिकारी जगदीश तिवारी एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा आदि मौजूद रहे।